नौकर मुझे बना लो

नौकर मुझे बना लो तेरी सेवा करूँ दिन रात
हो मंज़ूर तुझे गर तो बन जाये मेरी बात

देना या ना देना तेरा काम तू ही जाने
तुझे सबके काम बाबा आते हैं बनाने
चिंता फिकर फिर कैसी जब सांवरा है मेरे साथ
हो मंज़ूर तुझे गर तो बन जाये मेरी बात
नौकर मुझे बना लो ....

अरमा है तेरी देहलीज़ सर मेरा हो
हर सुबह शाम मुझे दर्शन तेरा हो
दे दे मुझे जीवन की ये सबसे बड़ी सौगात
हो मंज़ूर तुझे गर तो बन जाये मेरी बात
नौकर मुझे बना लो ....

हो सके तो मेरी तक़दीर भी जगा दे
देके चाकरी तू मेरी ज़िन्दगी बना दे
मैं ये कहूं इतराके है श्याम प्रभु मेरे साथ
हो मंज़ूर तुझे गर तो बन जाये मेरी बात
नौकर मुझे बना लो ....

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/16675/title/nokar-mujhe-bna-lo-teri-sewa-karu-din-raat

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |